चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना

प्रेस विज्ञप्ति

चिरेका में संविधान दिवस का पालन:

चित्तरंजन,26 नवंबर,2024:

भारतीय संविधान को अंगीकृत,अधिनियमित और आत्मसमर्पित किए जाने की स्मृति में चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना (चिरेका) में आज 26 नवंबर 2024 को संविधान दिवस का पालन किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक कार्यालय के प्रशासनिक भवन परिसर में श्री हितेंद्र मल्होत्रा,महाप्रबंधक,चिरेका द्वारा संविधान की उद्देशिका को पढ़ा गया साथ ही उपस्थित प्रधान विभाग अध्यक्षों, वरीय अधिकारी सहित अन्य उपस्थित कर्मचारियों द्वारा भी इसका सामूहिक पाठ किया गया। उपस्थित सभी ने भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व–संपन्न,समाजवादी,पंथ-निरपेक्ष,लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए एवं भारतीय संविधान के प्रति अपनी आस्था, प्रतिज्ञा, एकता के संकल्प को उद्देशिका के माध्यम से पाठ कर इन्हें दुहराया।

चिरेका के विभिन्न कार्यालयों, कारखाना परिसरों ,स्कूलों और ईएलएएयू डानकुनी इकाई में भी संविधान दिवस का पालन तथा संविधान की उद्देशिका को पढ़ा गया।

सेवा में

संपादक महोदय

जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी